चेन्नई में रोड शो में शामिल होंगे डेढ़ सौ से अधिक उद्योगपति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : चेन्नई में होने वाले रोड शो और बैठकों में टीम योगी हटसन एग्रो प्रोडक्ट्स के एमडी आरजी चंद्रमोगन, पोंप्योर केमिकल्स के सीएमडी एम पोन्यूस्वामी, टफी लिमिटेड के ग्रुप प्रेसिडेंट टीआर केशवन से निवेश पर चर्चा करेगी।

सोमवार को ब्रेक फास्ट पर वाटर वर्ल्ड के सीईओ अनिल अकबर, मुरुगपा ग्रुप के वाइस चेयरमैन एमएम मुरुगपा मुलाकात होगी। इसके बाद बीटूजी मीटिंग में टेंथ प्लानेट टेक्नोलाजिक्स के सीईओ कुमरान मनी, ट्रीवीट्रोन के वाइस चेयरमैन ए गणेशन, इंदिरा प्रोजेक्ट्स के सीएमडी भूपेश नागराजन, कोलियर्स के जीएम इंडस्ट्रियल एंड लाजिस्टिक सर्विसेज कार्तिक राजन, प्रवीण ग्रुप के सीएमडी मो. फजल,- सीटेक्स पेट्रोकैमिकल्स के ईडी गोथमन, सवेथा यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. चंद्रम शिवाजी, फरीदा ग्रुप के चेयरमैन फारिक अहमद, नवविन एनर्जी के एमडी नंदकुमार, माइक्रोचेम प्रोडक्ट्स इंडिया के डायरेक्टर नितिन श्राफ, श्रीरूमालिया केमिकल्स के सीएमडी आर पार्थसारथी, कांटेक्ट सिविल एड साल्यूशंस के डायरेक्टर एन गीथा, लुक्स टीवीएस सीएमडी टीके बालाजी, केएलएम एक्सपोर्टर्स प्रोपराइटर जी मुरलीधरन, मनीषा साफ्ट साल्यूशंस के इंडिया आपरेशन के प्रमुख बी संतोष कुमार, मिक्लीन इंडिया और टमो हाऊस के सीईओ राजन विजय कुमार मुलाकात करेंगे। मंगलवार को चेन्नई से रवाना होने से पहले मंत्रियों का समूह कुछ उद्यमियों से प्रदेश में प्रोजेक्ट लगाने पर चर्चा करेगा। इस चर्चा में चेन्नई के एमआरएफ के वीसी अरुण मैमेन और वीआइटी यूनिवर्सिटी के वेलोर के फाउंडर एंड चांसलर जी विश्वनाथन मौजूद रहेंगे।